1049512

No. of Printed Pages : 12 **ACC-001**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

# (BDP)

## Term-End Examination

## December, 2019

## ACC-001 : ORGANIZING CHILD CARE SERVICES

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note*** *: Question No. 1 is compulsory. Answer any other **four** questions.*

1. (i) Given below is a list of activities. For each state an area of development in which the activity *primarily* fosters development. The

first one has been done for you as an example : 10

| Activity | Area of Development |
|---|---|
| (a) Hopping | – Gross motor development |
| (b) Arranging small pebbles on a circle drawn on the floor | |
| (c) Using a piece of wood like a telephone | |
| (d) Playing a team game with rules | |
| (e) Listening to a story | |
| (f) Matching leaves of similar shape | |
| (g) Playing in the sand pit | |
| (h) Drawing | |
| (i) Stringing beads through a string | |
| (j) Putting objects into different containers based on size | |
| (k) Singing rhymes | |

(ii) Explain the following terms in one *or* two sentences : 2×5=10

(a) Reflexes

(b) Self-concept

(c) Motor development

(d) Attachment

(e) Egocentrism

2. (i) Why is preschool education important for children ? 5

(ii) Describe any *two* activities through which creativity can be nurtured in the preschool. Justify, how creativity can be nurtured through each activity. 10

(iii) Describe in detail any *one* way you will use to evaluate children's progress in a preschool. 5

3. (a) Explain giving examples, how play promotes : 5+5=10

   (i) Cognitive development

   (ii) Social development

   (b) Describe any *two* principles of development, giving examples for each. 5+5=10

4. (a) While planning a weekly schedule of activities for children in a preschool, what are the factors you will keep in mind ? 10

   (b) Why do we need the support of the community in running a child care programme ? 5

   (c) State *five* ways through which the community can support the child care programme. 5

5. (a) How do music and movement activities promote the child's development ? 5

(b) What are the characteristics of a good song/rhyme for young children ? 5

(c) Describe any *five* behaviours that indicate cognitive development during infancy. 10

6. (a) What do you understand by 'altruism' and 'empathy' ? Explain giving examples of these behaviours in young children. 5

(b) What are the factors in the family that can promote altruism in the child ? 10

(c) State *two* ways through which a preschool teacher can foster the development of altruism and empathy in children. 5

7. (a) What are the major food groups ? Give examples of *two* foods for each of the food groups. 8

(b) Explain the concept of a balanced meal. Give an example of a balanced lunch menu for a four-year old. 12

एं. सी. सी.-001

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## ( बी. डी. पी. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2019

## ए. सी. सी.-001 : बच्चों के लिए बाल देखभाल सेवाओं का संगठन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

*नोट : प्रश्न सं. 1 अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं* **चार** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. (i) नीचे खेल-क्रियाओं की एक अनुसूची दी गई है। बताइए प्रत्येक खेल-क्रिया प्रमुख रूप से विकास के किस क्षेत्र को बढ़ावा देती है। आपके

स्पष्टीकरण के लिए पहली खेल-क्रिया को उदाहरण के रूप में दिया गया है : 10

| खेल-क्रिया | विकास का क्षेत्र |
|---|---|
| (क) फुदकना | — स्थूल-क्रियात्मक विकास |
| (ख) फर्श पर बने गोले पर छोटे कंकड़ रखना | |
| (ग) लकड़ी के टुकड़ों को टेलीफोन की तरह इस्तेमाल करना | |
| (घ) नियमबद्ध टीम-खेल खेलना | |
| (ङ) कहानी सुनना | |
| (च) समान बनावट के पत्रों को मिलाना | |
| (छ) रेत के गड्डे में खेलना | |
| (ज) ड्राइंग | |
| (झ) धागे में मोतियों को पिरोना | |
| (ञ) आकार के अनुसार अलग-अलग डिब्बों में वस्तुएँ डालना | |
| (ट) बाल गीत गाना | |

(ii) निम्नलिखित को एक या दो वाक्यों में स्पष्ट कीजिए : 2×5=10

(क) सहज प्रतिक्रियाएँ

(ख) स्व-संकल्पना

(ग) क्रियात्मक विकास

(घ) लगाव

(ङ) अहं-केन्द्रिकता

2. (i) बच्चों के लिए शालापूर्व शिक्षा क्यों महत्वपूर्ण है ? 5

(ii) किन्हीं ऐसी दो खेल-क्रियाओं का वर्णन कीजिए जिनके माध्यम से शालापूर्व अवधि में सृजनात्मकता को बढ़ावा दिया जा सकता है।

प्रत्येक खेल-क्रिया से सृजनात्मकता को बढ़ावा कैसे मिलेगा, इसकी पुष्टि कीजिए। 10

(iii) विस्तार में किसी एक ऐसे तरीके का वर्णन कीजिए जिसका प्रयोग आप शालापूर्व केन्द्र में बच्चों का मूल्यांकन करने के लिए करेंगे। 5

3. (क) उदाहरण देते हुए वर्णन कीजिए कि खेल किस प्रकार निम्नलिखित को बढ़ावा देता है : 5+5=10

(i) संज्ञानात्मक विकास

(ii) सामाजिक विकास

(ख) विकास के किन्हीं **दो** सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए और प्रत्येक के लिए उदाहरण दीजिए। 5+5=10

4. (क) शालापूर्व केन्द्र में बच्चों के लिए साप्ताहिक अनुसूची की योजना बनाते समय आप किन कारकों को ध्यान में रखेंगे ? 10

(ख) बाल देखभाल कार्यक्रम चलाने के लिए हमें समुदाय की सहायता की आवश्यकता क्यों होती है ? 5

(ग) ऐसे **पाँच** तरीके बताइए जिनके माध्यम से समुदाय बाल देखभाल कार्यक्रम में सहायता कर सकता है। 5

5. (क) संगीत और शारीरिक क्रियाकलाप बच्चे के विकास को किस प्रकार बढ़ावा दे सकते हैं? 5

(ख) छोटे बच्चों के लिए उपयुक्त एक अच्छे गीत/बालगीत की क्या विशेषताएँ होती हैं ? 5

(ग) ऐसे किन्हीं **पाँच** व्यवहारों का वर्णन कीजिए जो शैशवावस्था के दौरान संज्ञानात्मक विकास का संकेत देते हैं। 10

6. (क) 'परोपकारिता' और 'समानुभूति' से आप क्या समझते हैं ? छोटे बच्चों में इन व्यवहारों का उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए। 5

(ख) परिवार के ऐसे कौन से कारक हैं जो बच्चे में परोपकारिता को बढ़ावा दे सकते हैं ? 10

(ग) वे दो तरीके बताइए जिनके माध्यम से शालापूर्व अध्यापक बच्चों में परोपकारिता और समानुभूति के विकास को बढ़ावा दे सकता है। 5

7. (क) प्रमुख खाद्य समूह कौन से हैं ? प्रत्येक खाद्य समूह के **दो** खाद्य पदार्थों के उदाहरण दीजिए। 8

(ख) संतुलित आहार की संकल्पना का वर्णन कीजिए। एक चार वर्ष के बच्चे के लिए दोपहर के संतुलित आहार की व्यंजन सूची का उदाहरण दीजिए। 12